# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली
## वार्षिक परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र
## सत्र: 2025-26, कक्षा: 9
## विषय: हिंदी (विषय कोड - 002)

अवधि : 3 घंटे | अधिकतम अंक : 80

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को पढ़कर उनका पालन कीजिए :

- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
- इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

### खंड-क (अपठित बोध)

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

आज भी निशा समुद्र के किनारे भाग-भागकर आती-जाती लहरों के साथ शंख और सीपियाँ बीन रही थी। कभी कोई लहर जब किसी मछली को भी वहाँ छोड़ जाती तो निशा उसे उठाकर वापस पानी में फेंक देती। उसका तड़पना उससे देखा नहीं जाता था। यही क्रम बहुत देर से जारी था। अब धूप काफी तेज़ हो गई थी। दादी जी दूर बैठी निशा की यह भाग-दौड़ देख रही थीं। जब उन्होंने देखा कि निशा वापस आने का नाम ही नहीं ले रही तो उन्होंने उठते हुए उसे आवाज़ दी, "निशा बेटे ! चलो, बहुत देर हो रही है।" निशा पर अभी भी उनकी आवाज़ का कोई असर नहीं हुआ था और वह पहले की तरह भागते हुए कभी कुछ उठाती तो कभी लहरों के साथ खेलते हुए दूर चली जाती। दादी जी ने पास जाकर उसका हाथ पकड़ा और जबरदस्ती खींचती हुई गाड़ी की ओर बढ़ीं। "निशा, बहुत देर हो चुकी है। तुम्हारी माँ इंतजार कर रही होंगी। फिर वह गुस्सा करेंगी।" "तो क्या हुआ?" निशा ने मुँह फुलाकर कहा और आगे बढ़कर गाड़ी का दरवाज़ा खोलने लगी। "ऐसा नहीं कहते बेटे," दादी जी भी निशा के पीछे-पीछे गाड़ी में बैठती हुई बोलीं। निशा का मन अभी भी कहीं दूर सागर में डूबा था। दादी जी ने प्यार से उसका कंधा थपथपाया, "सागर कहीं भागा थोड़े ही जा रहा है। अगले इतवार को फिर आएँगे। तब जी भरकर खेलना।" "आप खेलने कहाँ देती हैं, बस हर बार यही कहकर वापस ले जाती हैं कि अगली बार जी भरकर खेलना," निशा ने गुस्सा जताया।

(क) निशा मछलियों को वापस पानी में क्यों फेंक देती थी? (1)

(i) उसे मछलियाँ अच्छी नहीं लगती थीं

(ii) उन्हें अपने साथ ले जाना नहीं चाहती थी

(iii) उनका तड़पना उससे देखा नहीं जाता था

(iv) दादी जी ने उसे ऐसा करने को कहा था

(ख) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए: (1)

कथन : निशा का मन समुद्र की लहरों और खेलों से पूरी तरह ऊब चुका था।

कारण : उसे समुद्र तट की सुंदरता और प्रकृति के साथ समय बिताना बहुत पसंद था।

विकल्प -

(i) कथन सही है लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।

(ii) कथन गलत है लेकिन कारण सही है ।

(iii) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।

(iv) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(ग) गद्यांश के अनुसार निशा के व्यक्तित्व में कौन-सी विशेषताएँ झलकती हैं? (1)

(I) प्रकृति से प्रेम करने वाली

(II) जीवों पर दया करने वाली

(III) जीवों पर हिंसा करने वाली

(IV) सागर से घृणा करने वाली

विकल्प -

(i) कथन I और II सही हैं।

(ii) कथन II और III सही हैं।

(iii) कथन III और IV सही हैं।

(iv) कथन I और IV सही हैं।

(घ) गद्यांश के अनुसार निशा के गुस्सा करने के क्या कारण थे? (2)

(ङ) गद्यांश में "निशा का मन अभी भी कहीं दूर सागर में डूबा था"– इस वाक्य से क्या अभिप्राय है? (2)

प्रश्न 2.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

जिसे सूझ कर भी नहीं सूझ पाता
नहीं बात बिगड़ी हुई जो बनाता।
फिसल कर सँभलना जिसे है न आता
नहीं पाँव उखड़ा हुआ जो जमाता।
पड़ेगा उसके सुखों पर क्यों न ताला
सदा ही सहेगा न वह क्यों कसाला (दुख)।
रँगा जो नहीं रंगतों में समय की
नहीं राह काँटों भरी जिसने तय की।
बहुत है कँपाती जिसे बात भय की

नहीं तान जिसने सुनी नीति नय की।
गला फिर क्यों न उसका फँसेगा
उजड़ता हुआ घर न उसका बसेगा।
नहीं देखता जो कि क्या हो रहा है
न अब भी जगा, जो पड़ा सो रहा है।
बुरे बीज, अपने लिए बो रहा है
बचा मान जो दिन-ब-दिन खो रहा है।
भला ठोकरें खाएगा वह न कैसे
रसातल चला, जाएगा वह न कैसे।

(क) कविता के अनुसार कैसा व्यक्ति जीवन में असफल होता है? (1)

(i) जो समय पर सही निर्णय लेता है
(ii) जो समय के साथ नहीं बदलता है
(iii) जो गिरकर संभलना जानता है
(iv) जो डरपोक और आलसी नहीं है

(ख) काव्यांश में 'बुरे बीज अपने लिए बो रहा है' पंक्ति से कवि का क्या अभिप्राय है? (1)

(i) व्यक्ति बुरे बीजों से खेती करता है
(ii) व्यक्ति बीजों को पहचानता नहीं है
(iii) व्यक्ति दूसरों की बातों में आ जाता है
(iv) व्यक्ति अपने ही विनाश का कारण है

(ग) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए: (1)

कथन : कवि ने निष्क्रिय और भयभीत व्यक्ति की आलोचना की है।
कारण : ऐसा व्यक्ति समय के साथ चलने और परिस्थितियों से जूझने में असमर्थ होता है।

विकल्प -

(i) कथन सही है लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।
(ii) कथन गलत है लेकिन कारण सही है ।
(iii) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।
(iv) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(घ) काव्यांश में कवि ने जागरूकता और कर्मशीलता को क्यों आवश्यक बताया है? (2)

(ङ) काव्यांश में 'सुख' और 'दुख (कसाला)' के बीच क्या संबंध बताया गया है? (2)

## खंड- ख (व्यावहारिक व्याकरण)

3. निर्देशानुसार 'उपसर्ग-प्रत्यय' पर आधारित दिए गए पाँच प्रश्नों में से **<u>किन्हीं चार</u>** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4x1=4)

(क) 'निर्' उपसर्ग से युक्त एक शब्द लिखिए।
(ख) 'प्रयोगशाला' शब्द में निहित उपसर्ग लिखिए।
(ग) 'जहरीला' शब्द में निहित प्रत्यय लिखिए।
(घ) 'आवट' प्रत्यय से युक्त एक शब्द लिखिए।
(ङ) 'कड़वाहट' शब्द में प्रयुक्त मूल शब्द लिखिए।

4. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित दिए गए पाँच प्रश्नों में से **<u>किन्हीं चार</u>** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4x1=4)

(क) 'देश के लिए भक्ति' समास विग्रह के लिए समस्त पद लिखिए।
(ख) 'प्रतिवर्ष' शब्द में प्रयुक्त समास का भेद लिखिए।
(ग) 'कालापानी' शब्द में निहित समास का भेद लिखिए।
(घ) 'नवरत्न' समस्त पद का विग्रह लिखिए।
(ङ) बहुब्रीहि समास का एक उदाहरण लिखिए।

5. निर्देशानुसार 'अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद' पर आधारित दिए गए पाँच प्रश्नों में से **<u>किन्हीं चार</u>** प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4x1=4)

(क) शायद तुमने ठोकर मारकर जूता फाड़ लिया। (प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए)
(ख) कलिङ्पोङ् का रास्ता खुला नहीं था। (विधानवाचक वाक्य में बदलिए)
(ग) क्या होरी का गोदान हो गया? (संदेहवाचक वाक्य में बदलिए)
(घ) झूरी बैलों को देखकर स्नेह से गद्गद् हो गया। (निषेधवाचक वाक्य में बदलिए)
(ङ) जब दोहरी मार पड़ेगी तो भाग खड़ा होगा। (वाक्य का भेद लिखिए)

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से **<u>किन्हीं चार</u>** प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए: (4x1=4)

(क) <u>जन्मभूमि में हैं सकल सुख सुषमा समवेत।</u>

(ख) <u>पूरी हुई लालसा माँ की, देख लाल-सा लाल।</u>

(ग) <u>तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाए।</u>

(घ) <u>बरस रहा बादलों से जल, फिर भी हृदय मेरा जल रहा।</u>

(ङ) <u>सुबरन को ढूँढ़त फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर।</u>

## खंड-ग (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (5x1=5)

अपने परिवार में मैं कई पीढ़ियों के बाद उत्पन्न हुई। मेरे परिवार में प्रायः दो सौ वर्ष तक कोई लड़की थी ही नहीं। सुना है, उसके पहले लड़कियों को पैदा होते ही परमधाम भेज देते थे। फिर मेरे बाबा ने बहुत दुर्गा पूजा की। हमारी कुल-देवी दुर्गा थीं। मैं उत्पन्न हुई तो मेरी बड़ी खातिर हुई और मुझे वह सब नहीं सहना पड़ा जो अन्य लड़कियों को सहना पड़ता है। परिवार में बाबा फ़ारसी और उर्दू जानते थे। पिता ने अंग्रेजी पढ़ी थी। हिंदी का कोई वातावरण नहीं था। मेरी माता जबलपुर से आईं तब वे अपने साथ हिंदी लाईं। वे पूजा-पाठ भी बहुत करती थीं। पहले-पहल उन्होंने मुझको 'पंचतंत्र' पढ़ना सिखाया। बाबा कहते थे, इसको हम विदुषी बनाएँगे। मेरे संबंध में उनका विचार बहुत ऊँचा रहा। इसलिए 'पंचतंत्र' भी पढ़ा मैंने, संस्कृत भी पढ़ी। ये अवश्य चाहते थे कि मैं उर्दू-फ़ारसी सीख लूँ, लेकिन वह मेरे वश की नहीं थी। मैंने जब एक दिन मौलवी साहब को देखा तो बस, दूसरे दिन मैं चारपाई के नीचे जा छिपी। तब पंडित जी आए संस्कृत पढ़ाने। माँ थोड़ी संस्कृत जानती थीं। गीता में उन्हें विशेष रुचि थी।

(क) गद्यांश के अनुसार लेखिका के परिवार के बारे में कौन-सी बातें सही हैं?

(I) परिवार में दो सौ वर्ष तक कोई लड़की नहीं हुई थी।

(II) परिवार की कुलदेवी दुर्गा थीं।

(III) परिवार में अंग्रेज़ी और हिंदी का समान वातावरण था।

(IV) पिता फ़ारसी और उर्दू जानते थे।

विकल्प -

(i) कथन III और IV सही हैं।

(ii) कथन II और III सही हैं।

(iii) कथन I और IV सही हैं।

(iv) कथन I और II सही हैं।

(ख) गद्यांश में 'परमधाम भेजने' का प्रयोग किस अर्थ को व्यक्त करने के लिए हुआ है?

(i) तीर्थयात्रा पर भेजना

(ii) बाल विवाह करना

(iii) घर से निकालना

(iv) हत्या कर देना

(ग) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:
कथन : लेखिका ने उर्दू-फ़ारसी उत्साह से सीखी।
कारण : लेखिका की उर्दू-फ़ारसी में बहुत रुचि थी।
विकल्प -
(i) कथन सही है लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।
(ii) कथन गलत है लेकिन कारण सही है।
(iii) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।
(iv) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(घ) गद्यांश के अनुसार लेखिका की माँ से जुड़ी कौन-सी बातें सत्य हैं?

(I) वह जबलपुर से आई थीं
(II) वह थोड़ी उर्दू जानती थीं
(III) उनकी गीता में विशेष रुचि थी
(IV) वह धार्मिक थीं
विकल्प -
(i) कथन I और II सही हैं।
(ii) कथन II, III और IV सही हैं।
(iii) कथन I, II और IV सही हैं।
(iv) कथन I,III और IV सही हैं।

(ङ) गद्यांश के अनुसार लेखिका के पिता को कौन-सी भाषा आती थी?
(i) संस्कृत
(ii) अंग्रेजी
(iii) उर्दू
(iv) फ़ारसी

8. निर्धारित गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **<u>किन्हीं तीन</u>** प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए: (3X2=6)

(क) लेखिका महादेवी वर्मा, सुभद्रा जी को चाँदी के कटोरे में खीर क्यों नहीं खिला पाई?

(ख) पाठ 'प्रेमचंद के फटे जूते' के आधार पर हरिशंकर परसाई के लेखन की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) पाठ 'साँवले सपनों की याद' सालिम अली की पक्षियों के प्रति चिंता को व्यक्त करता है। आपके अनुसार वर्तमान समय में पक्षियों को किन खतरों का सामना करना पड़ रहा है?

(घ) पाठ 'दो बैलों की कथा' से एक उदाहरण देते हुए सिद्ध कीजिए कि हीरा-मोती सच्चे मित्र थे।

9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: (5X1=5)

हस्ती चढ़िए ज्ञान कौ, सहज दुलीचा डारि।
स्वान रूप संसार है, भूँकन दे झख मारि॥
काबा फिरि कासी भया, रामहिं भया रहीम।
मोट चून मैदा भया, बैठि कबीरा जीम॥
ऊँचे कुल का जनमिया, जे करनी ऊँच न होइ।
सुबरन कलस सुरा भरा, साधू निंदा सोइ॥

(क) प्रस्तुत दोहों में संसार की तुलना किससे की गई है?

(i) हाथी से
(ii) मैदे से
(iii) कलश से
(iv) कुत्ते से

(ख) प्रस्तुत दोहों के संदर्भ में कौन-से कथन सत्य हैं-

(I) ज्ञान के लिए साधना और संयम आवश्यक हैं।
(II) हिंदू-मुस्लिम में भेदभाव का विरोध किया गया है।
(III) कुल से व्यक्ति की श्रेष्ठता सिद्ध होती है।
(IV) सोने के कलश की साधु सदा ही निंदा करते हैं।
विकल्प -
(i) कथन I और II सही हैं।
(ii) कथन II और III सही हैं।
(iii) कथन III और IV सही हैं।
(iv) कथन I और IV सही हैं।

(ग) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:
कथन : कबीर ने राम-रहीम की एकता दर्शाने के लिए आटे और मैदे का उदाहरण दिया है।
कारण: आटा और मैदा दोनों ही गेहूँ से बनते हैं, वैसे ही राम-रहीम एक ही ईश्वर के रूप हैं।

विकल्प -
(i) कथन सही है लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।
(ii) कथन गलत है लेकिन कारण सही है ।
(iii) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है।
(iv) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(घ) प्रस्तुत दोहों के अनुसार काबा और काशी क्या हैं?

(i) दो पर्वों के नाम

(ii) दो संतों के नाम

(iii) दो तीर्थस्थलों के नाम

(iv) दो प्राचीन ग्रंथों के नाम

(ङ) प्रस्तुत दोहों के अनुसार व्यक्ति की प्रशंसा किस आधार पर होनी चाहिए?

(i) कुल

(ii) धन

(iii) कर्म

(iv) पद

**10.** निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए। (3X2=6)

(क) यदि किसी भी समाज में बच्चे काम पर जा रहे हैं, तो उस समाज में क्या कमियाँ विद्यमान हैं?

(ख) कविता 'मेघ आए' में मेघों के आने पर पेड़ और तालाब ने क्या किया?

(ग) कविता 'ग्राम श्री' में वर्णित गाँव की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(घ) कविता 'कैदी और कोकिला' के अनुसार ब्रिटिश राज में कैदियों को किस तरह पीड़ा दी जाती थी?

**11.** पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए: (2X4=8)

(क) पाठ 'इस जल प्रलय में' सन् 1949 में गाँव और 1967 में शहर में आई दो बाढ़ का चित्रण है। अपने शब्दों में लिखिए कि दोनों स्थितियों में क्या अंतर था?

(ख) लेखिका मृदुला गर्ग की बहन रेणु की तरह किसी भी स्त्री का अपनी इच्छा से कहीं जाना-आना और निर्णय लेने के अधिकार का स्त्री जीवन में क्या महत्त्व है?

(ग) क्या गृहस्थी को सुचारु रूप से चलाने में स्त्री की उच्च शिक्षा बाधक है? पाठ 'रीढ़ की हड्डी' के आलोक में तर्क सहित उत्तर लिखिए।

## खंड-घ (रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न 12.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **<u>एक विषय</u>** पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । (1X6=6)

(क) माँ - त्याग और स्नेह की मूर्ति

- जीवन की पहली गुरु
- प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक
- माँ के प्रति हमारे कर्तव्य

(ख) सोशल मीडिया - वरदान या अभिशाप?

- जागरूकता फैलाना
- समय की बर्बादी
- विवेकपूर्ण उपयोग

(ग) पर्यावरण संरक्षण और हमारी जिम्मेदारी

- प्रदूषण
- पर्यावरण संरक्षण
- सरकार और नागरिकों की भूमिका

13. (क) आप सोहेल / फ़रज़ाना हैं। अपने मामा को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने की खुशखबरी बताते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (1X5=5)

अथवा

(ख) आप आरती / अमर हैं। आपके शहर में बढ़ती यातायात अव्यवस्था और दुर्घटनाओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

14. (क) आप हरमन / गुरप्रीत हैं। अपने क्षेत्र में कचरा उठाने की अनियमितता की शिकायत करते हुए नगर निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए। (1X5=5)

अथवा

(ख) दिए गए संकेतों के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए-
संकेत: बच्चे का हमेशा मोबाइल में व्यस्त रहना, पढ़ाई में पीछे होते जाना, घंटों ऑनलाइन खेल खेलने की आदत, माता-पिता से बात न करना, सहपाठियों द्वारा मज़ाक, एहसास होना।

15.(क) माँ और बेटी के बीच आत्मनिर्भरता के महत्त्व और लाभ के विषय पर चर्चा करते हुए लगभग 80 शब्दों में संवाद लिखिए। (1x4=4)

अथवा

(ख) आप एलिना / पीटर हैं। आप अपने विद्यालय में विद्यार्थी समिति की/के अध्यक्ष हैं। आपके विद्यालय में बाढ़ पीड़ितों हेतु 'कपड़े और पुस्तक दान शिविर' लगाया जा रहा है। योगदान हेतु इच्छुक विद्यार्थियों को सूचित करते हुए 80 शब्दों में एक सूचना लिखिए।